NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# गुड़गांव में ब्लड प्रेशर की नकली दवाई का रैकेट पकड़ा, Telma-AM की खेप बरामद, जानिए कैसे हुई पहचान



**गुड़गांव:** फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) गुड़गांव ने हाई ब्लड प्रेशर की नकली दवा (Telma-AM) की सप्लाई करने वाले एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई के दौरान 178 स्ट्रिप नकली दवा बरामद की गई है। मामले में दिल्ली के दवा कारोबारी सुव्रत द्विवेदी को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को उसे गुड़गांव की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन की रिमांड पर भेज दिया गया। दूसरे आरोपी मोहम्मद जुबैर को मुरादाबाद से गिरफ्तार कर गया है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/gurgaon/fake-blood-pressure-medicines-racket-busted-in-gurgaon-2-arrested/articleshow/132503814.cms